ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

ANSWER SHEET – 14

Sub : Hindi Grammar **Class : IIB** **Date : 21.09.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

जिराफ़ दुनिया का सबसे लंबा जानवर है। यह अफ्रीका और सहारा रेगिस्तान के दक्षिणी भाग में पाए जाते हैं। यह हिरन के परिवार का ही वंशज है। जिराफ़ की लंबी गरदन और लंबे पैर ही उसे दुनिया का सबसे लंबा जानवर बनाते हैं। जिराफ़ शाकाहारी जानवर है। यह पेड़ों की ऊपरी पत्तियाँ ही खा पाता है। इसकी गरदन इतनी लंबी होती है कि वृक्ष का ऊपरी हिस्सा ही इसके मुँह लग पाता है। इसकी जीभ भी बहुत लंबी होती है, जिससे यह पेड़ों की पत्तियों पर लपकता है। जिराफ़ की चमड़ी का रंग लाल-भूरा होता हैं, जिसमे अलग-अलग आकार के चकत्ते बने होते हैं। यह 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक भाग सकता है। इसकी औसत आयु बीस वर्ष के आस-पास होती है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. दुनिया का सबसे लंबा जानवर कौन सा है? यह कहाँ पाया जाता है?

उत्तर दुनिया का सबसे लंबा जानवर जिराफ़ है। यह अफ्रीका और सहारा रेगिस्तान के दक्षिणी भाग में पाया जाता है।

2. जिराफ़ का रंग-रूप कैसा होता है?

उत्तर जिराफ़ की चमड़ी का रंग लाल-भूरा होता है, जिसमें अलग-अलग आकार के चकले बने होते है।

3. जिराफ़ कितने किलोमीटर प्रति घंटा भाग सकता है?

उत्तर जिराफ़ 50 किलोमीटर प्रति घंटा भाग सकता है।

4. जिराफ़ की औसत आयु कितनी होती है?

उत्तर जिराफ़ की औसत आयु बीस वर्ष के आस-पास होती है।

5. गद्यांश से दो नाम शब्द छाँटे?

उत्तर जिराफ़, पत्ते।

6. गद्यांश से एक विशेषण छाँट कर लिखे तथा विशेष्य भी लिखे?

उत्तर लम्बी गरदन में लम्बी विशेषण गरदन विशेष्य।

7. शाकाहारी शब्द से वाक्य बनाए?

उत्तर मेरी दादी माँ शाकाहारी है।

8. लंबी का विलोम शब्द लिखे?

उत्तर छोटी।

9. दुनिया शब्द का पर्यायवाची लिखे।

उत्तर संसार।

10. गद्यांश से क्रिया छाँटे।

उत्तर लपकता है।

Sangeeta Khosla